**नोहटा मेला** — मेले में वृहद स्वास्थ्य शिविर ,रोजगार मेला, कैरियर गाइडेंस एवं सम्मान समारोह आयोजित

# नोहलेश्वर महोत्सव की तैयारियां शुरू

### मेले में आयुष्मान कार्ड भी बनाये जायेंगे

**नवभारत,दमोह। जिले के ग्राम नोहटा में 05 फरवरी से 15 फरवरी तक नोहलेश्वर महोत्सव आयोजित किया जा रहा हैं। सभी जिलाधिकारी इसे अपना महोत्सव मानते हुए इसमें अपनी महती भूमिका अदा करें। शिविर में 6 और 7 फरवरी को वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर में आमजनों के स्वास्थ्य परीक्षणों के साथ ही दिव्यागंजनों का परीक्षण और स्किल सेल की जाँच भी की जायेगी।**



यह बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव के सबंध में आयोजित बैठक में कही। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सामेवंशी विशेष रूप से मौजूद रहे। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा की 05 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित इस महोत्सव के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने कहा इस दौरान किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसमें उन्नत कृषि उपकरणों का प्रदर्शन के साथ ही उन्नत खेती करने वाले किसानों का सम्बोधन व सम्मान भी किया जायेगा। मेले में 09 फरवरी को रोजगार मेला और कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम रखा गया हैं। इसी दौरान सकंल्प से समाधान शिविर भी आयोजित होगें।जिसमें क्षेत्र के निवासी अपने आवेदन कर सकेंगे जिनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया जायेगा। मेले में आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार महिला सशक्ति करण सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा नोहटा महोत्सव या मेला हम शुरू कर रहे हैं, प्रदेश स्तरीय मेले के रूप में उभरकर सामने आए, इस प्रकार की रचना योजना, कार्ययोजना बनाई जा रही हैं। आने वाले समय में ये नोहटा महोत्सव प्रदेश के नामी-ग्रामी महोत्सवों में शामिल हो। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व, सतेन्द्र सिंह लोधी, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण सहित सभी जिलाधिकारी, जनपदों के अधिकारी मौजूद रहे।



### नोहलेश्वर महोत्सव नोहटा 2026 की प्रस्तुतियों हेतु ऑडिशन हुए

दमोह जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत नोहलेश्वर महोत्सव नोहटा का आयोजन 05 फरवरी से 15 फरवरी तक किया जाएगा। इस भव्य सांस्कृतिक महोत्सव में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों के लिए स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु ऑडिशन का आयोजन नोहटा स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। ऑडिशन प्रक्रिया में निर्णायक मंडल के रूप में उमेश यादव, संजय खरे, बृजेंद्र राठौर, लाल सिंह यादव, शैलेंद्र जैन व रिंकू राज का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुएनिष्पक्ष मूल्यांकन किया।


## दमयंती व्याख्यान माला यादों में दमोह आज



नवभारत,दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि दमयंती व्याख्यान माला कार्यक्रम के अंतर्गत यादों में दमोह विषय पर एक विशेष व्याख्यान माला 30 जनवरी 2026 को सायं 04 बजे ऑडिटोरियम प्रधानमंत्री श्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस दमोह में आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामयी अवसर पर हमारे बीच मुख्य वक्ता के रूप में एस.एन.मिश्रा आई ए एस अध्यक्ष-मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन आयोग (पूर्व अपर मुख्य सचिव तथा वर्ष 1998 में दमोह के कलेक्टर रहे) अपनी स्मृतियों, अनुभवों एवं प्रशासनिक यात्रा से जुड़े विचार साझा करेंगे। उन्होंने कहा यह व्याख्यान न केवल दमोह के अतीत को स्मरण करने का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि नगर के सामाजिक-प्रशासनिक विकास की झलक भी प्रस्तुत करेगा। उन्होंने आप सभी से विनम्र अनुरोध किया है, इस विचारोत्तेजक एवं स्मृतिपूर्ण कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति देकर आयोजन की शोभा बढ़ाएँ।

## भजनों की प्रस्तुति ने मन मोहा

### श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



**कुम्हारी नवभारत 30 जनवरी। गांव कुलुवा मे श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का कथा वाचक पंडित विजय गर्ग महराज ने शानदार वर्णन किया। कथा गिरजा बाई चौबे, लक्ष्मीकान्त चौबे, नरेंद्र चौबे परिवार की ओर से आयोजित की जा रही है।**



कथा वाचक पंडित विजय गर्ग महराज ने गोवर्धन पूजा और कंस वध की कथा मुख्य रूप से वर्णित किया। कथा में बाल कृष्ण द्वारा माखन चोरी, पूतना वध, कालिया नाग दमन, यशोदा माता के साथ उनकी शरारतें, और गोवर्धन पर्वत धारण कर इंद्र का अभिमान चूर करने के प्रसंग सुनाएं। श्री कृष्ण की गोकुल में बाल लीलाओं, जैसे माखन चोरी और यशोदा मां द्वारा उन्हें रस्सी से बांधने का वर्णन किया गया। पूतना वध कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना का कृष्ण द्वारा वध करने की कथा सुनाई। कथा में भजनों की विशेष प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया।

## विद्यार्थी मन लगाकर करें पढ़ाई : थाना प्रभारी

### यातायात नियम और कैरियर को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**कुम्हारी नवभारत 30 जनवरी। पीएम श्री मझगुवा हंसराज स्कूल में यातायात नियम और कैरियर को लेकर क्या करे इस विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथि के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे ने इस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि विद्यार्थी पहले तो खूब मन लगा कर पढ़ाई करे, फिर जिस क्षेत्र में जाना उस पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा लगन और मेहनत से किए गए प्रयास से सफलता पाना मुश्किल कार्य नहीं है।**



#### यातायात नियमों का करें पालन

थाना प्रभारी ने यातायात के नियमों को लेकर भी जागरूक किया। उन्होंने छात्रों से कि सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन करें। यदि हम बाइक चलाते हैं तो हेलमेट का उपयोग आवश्यक रूप से हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। हम समाज के लोगों को भी हेलमेट पहनकर बाइक चलाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य हेमराज नेताम, शिक्षक विनोद सिंह, अजय चौहान, नीरज जैन, रतिराम रजक उपस्थित रहे।

### दिनेश प्यासी हुए बुंदेली दमोह महोत्सव में सम्मानित



नवभारत,दमोह. बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव के 17 दिवसीय इस महोत्सव में अनेक गणमान्य और सम्माननीय नगरिको का सम्मान किया गया इसी श्रृंखला में बुंदेली दमोह महोत्सव के न नृत्यश्री प्रभारी व महोत्सव के उद्घोषक दिनेश प्यासी को उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुंदेली गौरव न्यास के आजीवन संरक्षिका डॉक्टर सुधा मलैया सिद्धार्थ मलेया प्रभात सेठ कैप्टन कैप्टन वादवा विवेक संडे आदि लोग उपस्थित रहे.

### इंद्र के अहंकार को भंग करने श्री कृष्ण ने की गोवर्धन लीला



**नवभारत,बटियागढ़/दमोह.** बटियागढ़ के श्री शिव मंदिर बजरंग अखाड़ा में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन बाल कृष्ण जी के बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए माखन चोरी, गोपी प्रसंग,गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास संजय शास्त्री जी महाराज ने श्रद्धालुओं को यह कथा सुनाई.कथा व्यास जी महाराज ने बताया कि गोवर्धन पूजा का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार को भंग करने और ब्रजवासियों की रक्षा से जुड़ा है.उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर मूसलाधार वर्षा से सभी ब्रजवासियों की रक्षा की थी.

## राजा बली से संपत्ति नहीं, बल्कि उसका अहंकार छीना

### श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर नीरज नयन महाराज ने दिया प्रवचन

**नवभारत,दमोह. शहर के असाटी वार्ड क्रमांक-1 स्थित संस्कार भवन में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर व्यासपीठ से परमश्रद्धेय कथा व्यास श्री नीरज नयन जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव से पूर्व राजा बली के अद्भुत प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया.**





उन्होंने कथा में भक्तगणों को बताया कि भगवान वामन ने राजा बली से उसकी संपत्ति नहीं, बल्कि उसका अहंकार छीना। परमात्मा जब किसी से कुछ लेते हैं तो अहंकार लेकर उसे विनम्रता प्रदान करते हैं, जिससे जीवन कृतार्थ होता है।कथा में तीन पग का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए श्री नीरज नयन जी महाराज ने कहा कि जिसे भगवान स्वीकार करते हैं, उसे सत, रज और तमकृतीनों गुणों से परे कर देते हैं और उसे परमात्मा की अनुभूति का अनुभव कराते हैं. इस अवसर पर भगवान श्रीराम जी के जन्मोत्सव के प्रकट उत्सव तथा इसके पश्चात श्री जी बंधन गोविंदा के प्राकट्य का उल्लासपूर्ण वर्णन भी किया गया. साथ ही नंदोत्सव के दिव्य-भव्य आयोजन का उल्लेख करते हुए बताया गया कि यह उत्सव अत्यंत आनंदमय होगा। कार्यक्रम में बताया गया कि असाटी समाज के प्रत्येक व्यक्ति के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप भगवान आनंदकंद श्याम सुंदर का भव्य और दिव्य उत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर सभी श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण कर उपस्थित हुए थे। माताओं ने सुंदर वस्त्र पहनकर नंद नंदन को अपने आंगन में पधारने का भाव प्रकट किया और झूला झुलाने की परंपरा निभाई। कथा के दौरान आज के दिव्य उत्सव की समस्त झांकियों और भावों का सुंदर वर्णन किया गया। कथा में राधा रमन मंदिर के पुजारी शिवकुमार दुबे, आरएसएस दीपेश उपाध्याय के अलावा और भी जिन्होंने पहुंचकर कथा को बड़े ध्यान से सुना और उनका वीरेंद्र असाटी अध्यक्ष ने सम्मान किया.



### रक्तदान शिविर आयोजित

**नवभारत,तेजगढ़/ दमोह.** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेजगढ़ में सीबीएमओ तेंदूखेड़ा के निर्देशन में व एमओ मैडम तेजगढ़ के सफल मार्गदर्शन में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया.जिसमें तेजगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष ठाकुर संग्राम सिंह के सफल सहयोग से जागरूक युवाओं ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया. इस अवसर पर सीबीएमओ तेंदूखेड़ा डॉ अशोक बरौनियां, एमओ मैडम डॉ प्रियंका शर्मा, मंडल अध्यक्ष ठाकुर संग्राम सिंह,जनपद सदस्य हरिसिंह यादव, श्याम ठाकुर सचिव, गोलू सोनी, राहुल जैन, धर्मेंद्र जैन,पवन राय (पप्पू) नितिन बड़ेराय,रोहित नामदेव, प्रवीण यादव, आदि बड़ी संख्या में लोगों उपस्थिति रहे।

## एक नजर में

### एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन बने एडिशनल एसपी




नवभारत,दमोह .जिले के हटा अनुविभाग में पदस्थ एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन के पदोन्नत होकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी), गुना बनने पर उन्हें बधाइयों और शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है .गुरुवार को दमोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित सादे व गरिमामय कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया ने उनके कंधों से सितारे हटाकर अशोक चिन्ह लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए सम्मानित किया. इस अवसर पर पुष्प गुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाई गई तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई.इस अवसर पर स्टेनो अरुण गौतम, रीडर वीरेंद्र खरे, पवन चौबे सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री सुमन के कार्यकाल की सराहना करते हुए नई पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दीं.



### जेके सीमेंट ने सागर में किया टेक कनेक्ट कार्यक्रम

**नवभारत,दमोह।** भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी जे के सीमेंट द्वारा सागर शहर में टेक कनेक्ट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय दीपाली होटल, सागर में संपन्न हुआ, जिसमें सागर जिले के प्रतिष्ठित इंजीनियर्स व आर्किटेक्ट्स को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जे के सीमेंट के सभी प्रमुख उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा कंपनी की तकनीकी सेवाओं और उच्च गुणवत्ता मानकों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित इंजीनियर्स को यह बताया गया कि जे के सीमेंट की तकनीकी विशेषज्ञता व उत्पाद गुणवत्ता के माध्यम से निर्माण कार्यों में बेहतर कार्य निष्पादन और उत्कृष्ट गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित की जा सकती है ।इस अवसर पर जे के सीमेंट के जोनल हेड सुधीर मिश्रा, स्टेट हेड अनुराग देव गुप्ता, एरिया टेक्निकल मैनेजर विशाल चौरसिया, एरिया सेल्स मैनेजर अमित सिंघई विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सागर जिले के बीओ मनीष जैन, रॉबिन जैन, सीएफए ईशान राय व समस्त टीम के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सागर जिला इंजीनियर्स फोरम के अध्यक्ष अंकित नामदेव, जैन इंजीनियर्स सोसाइटी से संजीव जैन सहित बड़ी संख्या में जिले के इंजीनियर्स उपस्थिति रही।



### रामलखन महाराज का निधन

**नवभारत,दमोह** .श्री देव बालाजी मंदिर ग्राम ढिगसर के महंत श्री श्री 108 श्री राम लखन दास त्यागी जी महाराज का बुधवार शाम देवलोक गमन हो गया. जिनकी अंतिम यात्रा गुरूवार दोपहर को श्री बालाजी मंदिर के पास ग्राम ढिगसर में सम्पन्न हुई।

### डॉ . श्रीपाल जैन का निधन

कुम्हारी नवभारत। शुक्रवार को डॉ. श्रीपाल जैन वैधराज का 81 वर्ष की उम्र में हृदय गति रुक जाने के कारण स्वर्गवास हो गया। गांव के मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में सभी वर्गो के लोग शामिल हुए।




### एनसीसी के छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी

**नवभारत,दमोह.** थाना यातायात परिसर में पॉलीटेक्निक कॉलेज,पीजी कॉलेज, उत्कृष्ट स्कूल व एकलव्य यूनिवर्सिटी के एनसीसी के छात्रों को यातायात नियमों व यातायात में उपयोग होने वाले आधुनिक उकरणों के बारे में जानकारी दी गई.साथ ही थाना यातायात से बस स्टैंड तक यातायात जागरूकता रैली निकाली गई.

## सिंग्रामपुर में कैरियर मार्गदर्शन मेला एवं साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन



**नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.** शास. रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंग्रामपुर में मंगलवार को कैरियर मार्गदर्शन मेला, जनसंवाद व साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं को विद्यालयीन शिक्षा के बाद सही कैरियर चयन हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी दी और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जबलपुर से आए दामोदर कुशवाहा ने मेडिकल कोर्स व स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। वहीं देवराज सिंह, वेल्डर ट्रेनर नोहटा ने तक नीकी व ट्रेड आधारित पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के प्राचार्य केशव प्रसाद मेहरा ने साइबर जागरूकता के अंतर्गत विद्यार्थियों को मोबाइल व इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी और किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी सोशल मीडिया या अज्ञात व्यक्तियों के साथ साझा न करने की समझाइश दी।



### चाइल्ड हेल्प लाइन महिला जागरूकता की दी जानकारी

**नवभारत,दमोह** .ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए बच्चों को थाने में होने वाले समस्त कार्य व सभी शाखाएं दिखा कर समझाइस और चाइल्ड हेल्प लाइन महिला और अनेक प्रकार की बाते बताई गई.



### लाठी-डंडों से हमला किया

**नवभारत,दमोह.** नरसिंहगढ़ शराब दुकान के कर्मचारियों व गाड़ी पर कल्याणपुरा निवासी संजू ठाकुर, बब्बू ठाकुर,शिवराज ठाकुर,प्रकाश अहिरवार ने लाठी डंडों से हमला किया.वहां ये लोग खुलेआम शराब बेचना व गुंडागर्दी करते है.

**विरोध** — राष्ट्रपति के नाम हटा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# यूजीसी नियमों के विरोध में सवर्ण समाज का जोरदार प्रदर्शन

**नवभारत,दमोह/हटा.विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा बनाए गए विनियम 2026 के विरोध में सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों ने हटा में एकत्रित हुए और जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने उक्त नियमों को छात्र-विरोधी बताते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन हटा तहसीलदार आलोक जैन को सौंपा. ज्ञापन सौंपने से पूर्व करणी सेना, ब्राह्मण समाज सहित समस्त सवर्ण समाज के लोग बीटीआई ग्राउंड में एकत्रित हुए.**



इसके पश्चात रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय की ओर रवाना हुए। रैली के दौरान प्रदर्शनकारी यूजीसी विनियम 2026 को वापस लेने की मांग करते हुए नारे लगाते नजर आए.शांतिपूर्ण ढंग से निकाली गई इस रैली में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही.प्रदर्शन में हटा के शहरी क्षेत्र के अलावा आसपास के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए, जिससे आयोजन को व्यापक समर्थन मिला. समाज के लोगों ने कहा कि यूजीसी द्वारा लागू किया गया यह नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समता स्थापित करने के बजाय छात्रों के बीच आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है.

सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि इस नियम के लागू होने से झूठी शिकायतों और निराधार प्रकरणों की आशंका बढ़ गई है, जिससे विशेषकर सवर्ण समाज के छात्र-छात्राओं में भय और असुरक्षा का वातावरण बन रहा है। उन्होंने एक स्वर में मांग की कि इस नियम को किसी भी स्थिति में लागू न किया जाए.रैली के समापन पर राष्ट्रपति के नाम तैयार किए गए करणी सेना एवं सवर्ण समाज द्वारा ज्ञापन हटा तहसीलदार आलोक जैन को सौंपा गए.तहसीलदार ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए उसे शासन स्तर तक भेजने का आश्वासन दिया.

## राधा रमन बस्ती में हुआ हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**नवभारत,दमोह.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले हिंदू सम्मेलनों के अंतर्गत बुधवार प्रातः काल की बेला में राधा रमन बस्ती विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया .जिसका शुभारंभ मात्र शक्तियों द्वारा कलश यात्रा निकालकर किया गया. कार्यक्रम के प्रथम चरण में मंडली द्वारा श्री हनुमान चालीसा पाठ, भक्तांबर समिति द्वारा भक्तांबर का पाठ किया गया. मुख्य वक्त के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत धर्म जागरण प्रमुख राघवेंद्र, मुख्य अतिथि कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग, विशिष्ट अतिथि कमलेश्वरानंद महाराज, राष्ट्रीय सेविका समिति से सविता उपाध्याय मंचासीन रहे. पंच परिवर्तन को अपने दैनिक जीवन में अपना कर, व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण कैसे हो सकता है पर विशेष उद्बोधन रहा .किशोरी वैष्णवी गर्ग द्वारा हिंदुत्व का इतिहास व हिंदुत्व की महिमा के बारे में वर्णन किया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्रछाया विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर नाट्य मंचन किया गया .कार्यक्रम में कार सेवको तथा गौ-सेवकों का सम्मान हिंदू उत्सव समिति द्वारा किया गया .कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति में दीपेश उपाध्याय,अमरदीप जैन लालू, दिलीप असाटी, विवेक अग्रवाल, नितिन चौरसिया, कपिल सोनी,मोनू राजपूत, राम जैन टोनी राय, नीतू मलैया, पवन गुप्ता, शोभा असाटी, शैलेंद्र असाटी, रूपेंद्र गोलू असाटी, विवेक असाटी अप्सरा, अंकित असाटी, रोहित असाटी, पंकज राय, धीरज वर्मा, पटिया सेठ लोकेश व महिला शक्ति में रश्मि वर्मा डॉली जैन राधा चौरसिया, वंदना उपाध्याय का विशेष सहयोग रहा.